# भेड़-बकरी चराने वाला बना 25 हजार का इनामी डोडा-पोस्त तस्कर

## पिछले 2 साल से फरार चल रहे इस बदमाश को एएनटीएफ ने दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मदभ्रमर' के तहत कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी डोडा-पोस्त तस्कर भैराराम निवासी आहोर जिला (जालोर) को पाली के तखतगढ़ से गिरफ्तार किया है। अभियान के तहत यह एएनटीएफ की 90वीं बड़ी सफलता बताई गई है।

एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन के मार्गदर्शन में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। आरोपी पर जालोर पुलिस अधीक्षक की ओर से 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

पांचवीं कक्षा तक पढ़े भैराराम ने पढ़ाई छोड़कर भेड़-बकरी चराने और खेती का काम शुरू किया था। 2019 में पिता की मृत्यु के बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां बढ़ीं तो वह तस्करों के संपर्क में आया। शुरुआत में वाहनों से डोडा-पोस्त की खेप लाने-ले जाने के लिए चालक के रूप में काम करता था और एक चक्कर के करीब 50 हजार रुपए लेता था। बाद में खुद तस्करी करने लगा।

2024 में आहोर पुलिस ने डोडा-पोस्त की खेप ले जा रहे उसके साथियों को वाहन सहित पकड़ा था, लेकिन भैराराम मौके से फरार हो गया। इसके बाद भाद्राजून के एक अन्य तस्कर के साथ मिलकर फिर तस्करी शुरू की। साथी के पकड़े जाने और उसका नाम सामने आने पर उसने फिर ठिकाना बदल लिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए भैराराम ने करीब दो साल में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और राजस्थान में 16 से अधिक ठिकाने बदले। राजस्थान में चित्तौड़गढ़, जयपुर, पाली और उदयपुर में भी रहा। संपर्क के लिए वह राह चलते लोगों के मोबाइल फोन इस्तेमाल करता था। करीब 15 दिन पहले उसने दोबारा डोडा-पोस्त तस्करी शुरू की और तखतगढ़ में किराए का कमरा लेकर रहने लगा। एक तस्कर साथी के सामने वह पुलिस को चकमा देने और खुद को तस्करी का मुख्य सूत्रधार बताते हुए शेखी बघार रहा था। साथी ने एएनटीएफ को सूचना दे दी। सूचना पर टीम ने तखतगढ़ में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से उसके तस्करी नेटवर्क और संपर्कों के संबंध में पूछताछ जारी है।



एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने दो साल से फरार 25 हजार के इनामी डोडा-पोस्त तस्कर को पाली के तखतगढ़ से गिरफ्तार किया।

■ आरोपी ने बीते 2 साल में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और राजस्थान में 16 से अधिक ठिकाने बदलकर फरारी काटी

# निकाय चुनाव में डैमेज कंट्रोल की कमान संभालेंगे बीएल संतोष

## बूथ मैनेजमेंट पर भी होगा महामंथन, आज सुबह 8 बजे जयपुर पहुंचेंगे

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान में नगर निकाय चुनाव के बीच भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष आज जयपुर पहुंचेंगे। करीब 13 घंटे के प्रवास के दौरान संतोष संगठन की चुनावी तैयारियों का फीडबैक लेने के साथ टिकट वितरण के बाद सामने आई नाराजगी, बगावत और संभावित डैमेज को नियंत्रित करने की रणनीति पर भी मंथन करेंगे। संतोष सुबह करीब 8 बजे जयपुर पहुंचेंगे और रात करीब 9 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

निकाय चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कई वार्डों में पार्टी के भीतर असंतोष और बागी तेवर सामने आए हैं। ऐसे में संतोष के दौरे को डैमेज कंट्रोल के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का प्रयास रहेगा कि नाराज कार्यकर्ताओं और टिकट के दावेदारों को संगठन के साथ जोड़ा जाए, ताकि बागियों के कारण अधिकृत प्रत्याशियों के सामने पैदा होने वाले खतरे को कम किया जा सके। संतोष दिनभर अलग-अलग स्तर पर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

शुरुआत आईटी और सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक से होगी। इसमें डिजिटल प्रचार अभियान, सोशल मीडिया के जरिए भाजपा और प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने तथा विपक्ष के प्रचार का जवाब देने की रणनीति पर चर्चा होगी। इसके बाद मीडिया से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक में चुनावी मुद्दों और पार्टी के संदेश को प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाने को लेकर फीडबैक लिया जाएगा।इसके बाद चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक में वार्डवार चुनावी स्थिति की समीक्षा होगी। इसमें प्रत्याशियों की स्थिति, स्थानीय समीकरण, संगठन की सक्रियता और चुनाव प्रबंधन से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारियों के साथ बैठक में संतोष जमीनी स्तर से मिले फीडबैक को जानेंगे और उन निकायों व वार्डों की पहचान की जाएगी, जहां पार्टी को अतिरिक्त राजनीतिक प्रयास की जरूरत है।

■ आज आईटी, सोशल मीडिया, मीडिया, चुनाव संचालन समिति और प्रभारी-सह प्रभारियों के साथ बैठकों के बाद सीएम, प्रदेशाध्यक्ष व संगठन महामंत्री से करेंगे मंथन

### बूथ मैनेजमेंट पर विशेष फोकस

निकाय चुनाव में जीत की रणनीति का सबसे अहम हिस्सा बूथ मैनेजमेंट रहेगा। संतोष संगठन के पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता, पन्ना प्रमुख व्यवस्था, मतदाता संपर्क और मतदान के दिन की तैयारियों का फीडबैक लेंगे।

पार्टी का प्रयास रहेगा कि प्रत्येक बूथ पर संगठन का मजबूत नेटवर्क तैयार हो और अधिक से अधिक मतदाताओं तक सीधे संपर्क किया जाए। इसके साथ ही उन वार्डों पर भी विशेष चर्चा होगी, जहां टिकट को लेकर असंतोष के चलते पार्टी के वोटों के बंटने की आशंका है। ऐसे क्षेत्रों में स्थानीय नेताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों के जरिए डैमेज कंट्रोल की रणनीति पर काम किया जाएगा। संगठन की कोशिश रहेगी कि चुनाव मैदान में उतरे बागी और नाराज कार्यकर्ताओं को संवाद के जरिए मुख्यधारा में लाया जाए और अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में संगठन की पूरी ताकत लगाई जाए।

### आखिरी बैठक में बनेगी चुनाव की बड़ी रणनीति

दौरे के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश संगठन महामंत्री और केंद्रीय प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। इसमें दिनभर हुई बैठकों से मिले फीडबैक के आधार पर निकाय चुनाव की समग्र रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

किन क्षेत्रों में संगठन मजबूत है, कहां नाराजगी है, किन वार्डों में अतिरिक्त संसाधन और वरिष्ठ नेताओं की जरूरत है-इन सभी पहलुओं पर मंथन होगा। बीएल संतोष का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भाजपा टिकट वितरण के बाद अब सीधे चुनावी मैदान में उतर चुकी है। ऐसे में संगठन महामंत्री का फोकस बागियों को साधने, डैमेज कंट्रोल, बूथ मैनेजमेंट और चुनावी मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय करने पर रहने की संभावना है।

पार्टी की कोशिश है कि स्थानीय स्तर के मतभेदों को पीछे छोड़कर कार्यकर्ताओं को एकजुट किया जाए और नगर निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में मजबूत माहौल तैयार किया जाए।

# 40 लाख रु. की धोखाधड़ी के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने रिसोर्ट रिसोर्ट में हिस्सेदारी देने और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में नाम शामिल करने के नाम पर 40 लाख रुपए की धोखाधडी के आरोपी गोरधन दास माहेश्वरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज को खारिज कर दिया है। जस्टिस चन्द्र प्रकाश श्रीमाली ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी के खिलाफ इस मामले से संबंधित समान प्रकृति के अन्य 4 केस भी दर्ज हैं। ये विभिन्न व्यक्तियों से रुपए लेकर वापस नहीं देने और ब्याज वसूली से संबंधित हैं। प्रथम दृष्टया उसके खिलाफ धोखाधडी का मामला बनना पाया है और अनुसंधान जारी है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं दे सकते।अग्रिम जमानत याचिका में कहा गया कि वह वरिष्ठ नागरिक है और उसे कई गंभीर बीमारियां हैं। ऐसे में उसे अग्रिम जमानत का लाभ दिया जाए। जिसका विरोध करते हुए पीडित पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक चौहान ने कहा कि आरोपी ने जैसलमेर के किशनघाट में रिसोर्ट व स्पा में हिस्सेदारी देने और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल करने के नाम पर साल 2017 में परिवादिया से 40 लाख रुपए अपने बैंक खाते में प्राप्त किए थे। आरोपी ने शुरूआत में उसे मुनाफा भी दिया, लेकिन बाद में मुनाफा देना बंद कर दिया और उसका फोन भी नहीं उठाया। इस दौरान रिसोर्ट को एक होटल चैन समूह को दे दिया गया। ऐसे में आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं दी जाए। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

## गल्ला चोरी

**जयपुर।** विद्याधर नगर इलाके में बुधवार शाम दिनदहाड़े शराब दुकान में लूट की वारदात सामने आई। मंदिर मोड़ स्थित शराब दुकान में कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद बदमाश काउंटर के अंदर रखा गल्ला उठाकर ले गया और उसमें रखे हजारों रुपए मुट्ठी में भरकर फरार हो गया।

कर्मचारियों ने बदमाश का पीछा किया, लेकिन वह गलियों में तेजी से भागकर बच निकला। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने ली पर्यवेक्षकों की प्रशिक्षण बैठक

## नगर निकाय चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी कराने के निर्देश

**जयपुर।** नगर निकाय आम चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में पर्यवेक्षकों की प्रशिक्षण बैठक आयोजित हुई। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने पर्यवेक्षकों को चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी, बेहतर समन्वय और अपने दायित्वों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए।

राजेश्वर सिंह ने बताया कि चुनाव में पर्यवेक्षण कार्य दो चरणों में होगा। पहला चरण 7 से 14 सितंबर तक सदस्य पद की मतगणना पूर्ण होने तक तथा दूसरा चरण 21 से 22 सितंबर तक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन तक रहेगा। उन्होंने पर्यवेक्षकों को आवंटित जिलों में जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की जानकारी लेने तथा नगरीय निकायों का दौरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग ऑफिसर से निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर स्थानीय अधिकारियों के साथ प्रभावी समन्वय बनाए रखें। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर को अवगत कराया जाए। उचित कार्रवाई नहीं होने पर मामला राज्य निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने पर्यवेक्षकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह सजग एवं सतर्क रहने तथा आवश्यक रिपोर्ट समयबद्ध रूप से आयोग को भेजने को कहा। बैठक में पर्यवेक्षकों को उनके कार्य, दायित्व और संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 309 नगरीय निकायों में दो चरणों में मतदान होगा। प्रथम चरण में 9 सितंबर तथा द्वितीय चरण में 11 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। बैठक में संबंधित अधिकारी एवं राज्य निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे तथा जिलों से अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।



नगर निकाय आम चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में पर्यवेक्षकों की प्रशिक्षण बैठक आयोजित हुई।

# हत्या के अभियुक्त को उम्रकैद

## अभियोजन पक्ष की लापरवाही से आर्म्स एक्ट में बरी

**जयपुर ।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम 4, महानगर प्रथम ने घर में काम करने आने वाली महिला की गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त रामवीर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने अभियोजन पक्ष की लापरवाही के चलते अभियुक्त को आर्म्स एक्ट के आरोप से बरी कर दिया है।

पीठासीन अधिकारी विकास कुमार स्वामी ने अपने आदेश में कहा कि आर्म्स एक्ट को लेकर डीसीपी दक्षिण ने अभियोजन स्वीकृति जारी की थी, लेकिन इस दस्तावेज को साबित करने के लिए डीसीपी, दक्षिण को अदालत में पेश नहीं किया गया।

ऐसे में अभियोजन स्वीकृति को जांच अधिकारी की ओर से पेश करने मात्र से उसमें अंकित तथ्य साबित नहीं माने जा सकते।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मुनेश कुमार गुप्ता ने अदालत को बताया की परिवादी प्रेमचंद ने 17 अगस्त, 2021 को मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसकी पुत्रवधू सुमन और पोती नेहा दोपहर में कपड़ों की धुलाई का काम करने गई थी।

करीब पौने तीन बजे उसकी पुत्रवधू के फोन से उसके पोते के पास फोन आया की सुमन की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी है। सूचना पर वह थाने पहुंचा तो पुलिस उसकी पोती नेहा से पूछताछ कर रही थी। वहां से आकर पोती ने बताया की वह दोनों रामवीर के घर काम करने गई थी। इस दौरान सुमन और रामवीर की किसी बात को लेकर हाथापाई हो गई और रामवीर ने पिस्टल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इस पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

# पटाखा बिक्री के अस्थाई लाइसेंस के आवेदन 22 तक

**जयपुर।** दीपावली पर्व को देखते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में आतिशबाजी बिक्री के लिए अस्थाई अनुज्ञा पत्र (लाइसेंस) जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अस्थाई लाइसेंस 12 अक्टूबर से 11 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इच्छुक आवेदक 22 सितंबर 2026 तक आवेदन जमा करा सकेंगे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (लाइसेंसिंग एवं लीगल) बृजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय में जमा कराया जा सकता है। आवेदन के साथ चार प्रतियों में ब्लू प्रिंट नक्शा प्रस्तुत करना होगा। नक्शे में प्रस्तावित दुकान/स्थल के आसपास के परिसर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की स्थिति स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। इसके अलावा आवेदक की चार नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, दुकान/स्थल की स्पष्ट रंगीन फोटो और प्रस्तावित स्थल के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

# "राजकॉप" एप पर ई-विजिटर सुविधा शुरू

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने तकनीकी नवाचार के तहत राजकॉप सिटीजन मोबाइल ऐप पर 'ई-विजिटर' सुविधा शुरू की है। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एससीआरबी) की ओर से शुरू की गई इस सुविधा से होटल, धर्मशाला और व्यावसायिक रूप से उपयोग किए जा रहे अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले आगंतुकों का विवरण अब मोबाइल फोन से ही दर्ज किया जा सकेगा। इससे खासतौर पर छोटे होटल और धर्मशाला संचालकों को राहत मिलेगी।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के अनुसार गृह विभाग के 6 अप्रेल 2026 के परिपत्र की पालना में इन प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले आगंतुकों का विवरण पहले 'ई-विजिटर पोर्टल' पर दर्ज किया जाता था। छोटे प्रतिष्ठानों में कंप्यूटर और अन्य संसाधनों की सीमित उपलब्धता के कारण ऑनलाइन विवरण दर्ज करने में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए सुविधा को अब मोबाइल आधारित किया गया है।

अधिकृत संचालक, मैनेजर या ऑपरेटर अपनी एसएसओ आईडी से राजकॉप सिटीजन ऐप में लॉगिन कर 'ई-विजिटर' सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। इसमें आगंतुक का कमरा नंबर, चेक-इन की तारीख, आगमन व गंतव्य स्थान, यात्रा या विजिट का कारण, नाम, मोबाइल नंबर, लिंग और पता दर्ज किया जा सकेगा।

इसके अलावा पहचान-पत्र का विवरण और उसकी प्रति अपलोड करने तथा होटल से प्रस्थान का समय भी दर्ज किया जा सकेगा।

मोबाइल आधारित सुविधा से आगंतुकों का डिजिटल रिकॉर्ड आसानी से उपलब्ध रहेगा। पुलिस को आवश्यकता के अनुसार आगंतुकों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इससे अपराध की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में तकनीकी सहायता मिलेगी। साथ ही होटल व धर्मशाला संचालकों के लिए रिकॉर्ड दर्ज करने की प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी।

# जन्माष्टमी : मंदिरों में आधी रात गूंजेगा कान्हा का जयघोष

## छोटीकाशी के मंदिरों में आज होंगे विशेष अभिषेक और झांकियां

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** छोटी काशी जयपुर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में जन्मोत्सव, अभिषेक, झांकियों, भजन-कीर्तन और विशेष श्रृंगार के आयोजन होंगे। गोविंददेवजी मंदिर में सबसे अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर के पट तड़के 4 बजे मंगला झांकी के साथ खुलेंगे और रात 10:30 बजे तक करीब 13 घंटे दर्शन होंगे। रात 10 से 11 बजे तक जन्माष्टमी व्रत कथा के बाद मध्यरात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव होगा। इस अवसर पर 31 तोपों की हवाई गर्जना और विशेष आतिशबाजी की जाएगी। इसके बाद पंचामृत अभिषेक होगा, जिसमें 425 लीटर दूध, 365 किलो दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा और 11 किलो शहद का उपयोग किया जाएगा।

### कृष्ण लीलाओं की झांकियां रहेंगी आकर्षण

शहर के मंदिरों, कॉलोनियों और सोसायटियों में कृष्ण जन्म, वासुदेव द्वारा कान्हा को गोकुल ले जाना, यशोदा संग बाल कृष्ण, माखन चोरी, गोचारण, कालिया नाग मर्दन, गोवर्धन धारण, कंस वध और इंद्र का घमंड चूर करने जैसे प्रसंगों पर झांकियां सजाई जाएंगी। कई स्थानों पर ध्वनि-प्रकाश के जरिए झांकियों को जीवंत स्वरूप दिया जाएगा। गुरुवार को मंदिरों में फूलों, विद्युत रोशनी और विशेष पोशाक-मुकुट से सजावट को अंतिम रूप दिया गया।



### गुप्त वृन्दावन में 108 व्यंजनों का भोग

जगतपुरा स्थित गुप्त वृन्दावन धाम में दिनभर चार विशेष अभिषेक सुबह 6:30, 11, शाम 4:30 और रात 10 बजे होंगे। मध्यरात्रि में पंचामृत महाभिषेक और महाआरती होगी तथा भगवान को 108 विशेष व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। कृष्ण-बलराम विशेष मखमली पोशाक धारण करेंगे, जिसे वृन्दावन के कारीगरों ने आरी-तारी वर्क से तैयार किया है। मंदिर में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए दर्शन पंक्तियां, बैरिकेडिंग, पार्किंग, मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी, पेयजल, प्रसाद और यातायात व्यवस्था की गई है। दिनभर हरे कृष्ण महामंत्र का जाप और कीर्तन होगा।

### गोपीनाथजी में 151 किलो पंचामृत से अभिषेक

पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथजी मंदिर में रात 12 बजे ठाकुरजी का 151 किलो पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। 1, 2, 3 और 5 सितंबर को फूल बंगला व विशेष झांकियां सजाई गईं और शाम 6 से रात 9 बजे तक भजन संध्या हुई। जन्माष्टमी पर प्रवेश मुख्य द्वार से और निकासी पीछे स्थित बगीचे की ओर से होगी। जय लाल मुंशी का रास्ता और जाट के कुएं की ओर दो निकासी मार्ग रहेंगे। श्रद्धालुओं के लिए सागारी लड्डू की व्यवस्था भी रहेगी।

### तीन मंदिरों में दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव

छोटी काशी के अधिकांश मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्म मध्यरात्रि 12 बजे होगा, जबकि रामगंज बाजार के मंदिर श्री लाडलीजी, चौड़ा रास्ता स्थित राधा-दामोदरजी और नाहरगढ़ पहाड़ी स्थित चरण मंदिर में दोपहर 12 बजे प्राकट्ययोत्सव मनाया जाएगा। लाडलीजी मंदिर में दोपहर 12 से 3 बजे तक ललित संप्रदायाचार्य संजय गोस्वामी के सान्निध्य में अभिषेक, बधाई गायन, समाज उछाल और प्रसाद वितरण होगा।

### अक्षरधाम में कृष्ण जन्म से कंस वध तक झांकियां

वैशाली नगर स्थित बीएपीएस श्री स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में सुबह 8 से रात 12 बजे तक दर्शन और अभिषेक होंगे। जन्मोत्सव, गोकुल-गमन, पूतना वध और कंस वध पर आधारित झांकियां सजेंगी। पंचामृत अभिषेक और पंजीरी प्रसाद के साथ छप्पन भोग लगाया जाएगा।

बाल-युवा मंडल कृष्णलीला और नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेगा। सत्संग सभा में भजन-कीर्तन, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बाल संस्कार, व्यसन मुक्ति और पारिवारिक शांति पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क बूट हाउस की व्यवस्था रहेगी।

### मुरली मनोहरजी में विष्णु सहस्त्रनाम पाठ

गंगापोल बाहर बदनपुरा स्थित मुरली मनोहरजी मंदिर में रात 8 से मध्यरात्रि तक विशेष झांकी, श्रीमद्भागवत, विष्णु सहस्त्रनाम और भगवद्गीता का पारायण होगा। सामूहिक भजन संध्या, हवन, कथा, अभिषेक और आरती के साथ पंचामृत व पंजीरी प्रसाद वितरित किया जाएगा। 6 सितंबर को दोपहर 2 बजे नंदोत्सव होगा।

### प्रेमभाया मंदिर में भक्ति संगीत

चांदपोल बाजार स्थित युगल कुटीर में श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से रात 8:15 से मध्यरात्रि 12 बजे तक भक्ति संगीत होगा और मध्यरात्रि में जन्म आरती की जाएगी।

चंदलाई स्थित श्री प्रेमभाया सरकार, श्री हरियुगल विहार मंदिर में रात 9:15 से 12 बजे तक भक्ति संगीत का आयोजन होगा।

### 5 सितंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

जन्माष्टमी के अगले दिन 5 सितंबर को शाम 4 बजे गोविंददेवजी मंदिर से शोभायात्रा निकलेगी। यह जलेब चौक, सिरहड्योढी बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यूगेट, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार और बगरू वालों के रास्ते से होते हुए गोपीनाथजी मंदिर पहुंचेगी।

# पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डोटासरा

**जयपुर।** नगर निकाय चुनाव में टिकट वितरण के बाद सामने आई बगावत और नाम वापसी के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी का रुख स्पष्ट किया है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव मैदान में न उतरें। पार्टी में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के लिए अनुशासन सर्वोपरि है।

डोटासरा ने कहा कि पार्टी ने बागियों को समझाने का प्रयास किया है। इसके बावजूद यदि कोई पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ता है तो कांग्रेस की अनुशासन समिति उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

उन्होंने कहा कि इस बार निकाय चुनाव में सभी नेताओं ने मिलकर काम किया है और बड़ी संख्या में टिकट वितरित किए गए हैं। कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह है। डोटासरा ने दावा किया कि कांग्रेस ने इस बार सबसे ज्यादा टिकट वितरित किए हैं और चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी जीतकर आएंगे। उन्होंने प्रदेश में सबसे ज्यादा नगर निकाय बोर्ड कांग्रेस के बनने का भी दावा किया।